**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 182 /03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/02-परीक्षा/2026**

लखनऊ : दिनांक : 20 अगस्त, 2026

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2026, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (संयुक्त संवर्ग) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/03 की लिखित परीक्षा दिनांक 29-06-2026 को सम्पन्न हुई थी। तदुपरांत आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 01.07.2026 द्वारा उक्त लिखित परीक्षा की Provisional उत्तर कुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गयी थी एवं आवश्यक सूचना दिनांक 02.07.2026 द्वारा उक्त लिखित परीक्षा की Provisional उत्तर कुंजी पर आपत्ति (यदि कोई हो) दर्ज कराये जाने हेतु लिंक आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.07.2026 को प्रकाशित की गयी Provisional उत्तर कुंजी के सापेक्ष प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के उपरान्त प्रश्नगत परीक्षा के मास्टर सेट की उत्तर कुंजी (विवरणात्मक) अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है।

संलग्नक- यथोपरि।

20/08/2026
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ

## विज्ञापन संख्या–02–परीक्षा/2026

## उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (संयुक्त संवर्ग) मुख्य परीक्षा (प्रा.अ.प.– 2025)/03

## उत्तर कुंजी (मास्टर सेट)

| परीक्षा तिथि : 29-06-2026 | Set Code : CO3 |
|---|---|

| | |
|---|---|
| 1. | केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) की स्थापना किस अधिनियम के अंतर्गत की गई थी ?<br>**जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974**<br>The Central Pollution Control Board (CPCB) was established under which Act ?<br>**Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974** |
| 2. | राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (SPCB) उद्योगों को अनुमति किस माध्यम से नियंत्रित करता है ?<br>**स्थापना सहमति तथा संचालन सहमति**<br>State Pollution Control Board (SPCB) regulate permission to industries through<br>**Consent to Establish and Consent to Operate** |
| 3. | पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 किस घटना के बाद लागू किया गया था ?<br>**भोपाल गैस त्रासदी**<br>The Environment Protection Act, 1986 was enacted after which incident ?<br>**Bhopal Gas Tragedy** |
| 4. | केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड किस मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है ?<br>**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**<br>The Central Pollution Control Board operates under which ministry ?<br>**Ministry of Environment, Forest and Climate Change (MoEFCC)** |
| 5. | जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड किसके नमूने ले सकता है ?<br>**औद्योगिक अपशिष्ट जल और सीवेज**<br>Under the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974, State Pollution Control Board (SPCB) can take samples of<br>**Trade effluents and sewage** |
| 6. | उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एक __________ संगठन है ।<br>**वैधानिक**<br>The Uttar Pradesh Pollution Control Board is a __________ organization.<br>**Statutory** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 7. | उत्तर प्रदेश जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण बोर्ड का गठन किस तिथि को किया गया था ?<br>**3 फ़रवरी 1975**<br>The Uttar Pradesh Water Pollution Prevention and Control Board was constituted on which date ?<br>**3 February 1975** |
| 8. | उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का मुख्य कार्यालय विभूति खंड, गोमती नगर उत्तर प्रदेश के किस शहर में स्थित है?<br>**लखनऊ**<br>The Uttar Pradesh Pollution Control Board has its Head Office at Vibhuti Khand, Gomti Nagar in which city of Uttar Pradesh ?<br>**Lucknow** |
| 9. | उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उत्तर प्रदेश में किन कानूनों को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है ?<br>**पर्यावरणीय कानून**<br>The Uttar Pradesh Pollution Control Board is entrusted to implement which laws in Uttar Pradesh ?<br>**Environmental laws** |
| 10. | जल उपकर का आकलन और संग्रहण उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किस अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत किया जाता है ?<br>**जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) उपकर अधिनियम, 1977**<br>Assessment and collection of Water Cess is carried out under the provisions of which Act by the Uttar Pradesh Pollution Control Board ?<br>**Water (Prevention and Control of Pollution) Cess Act, 1977** |
| 11. | पारिस्थितिकी ________ की शाखा है ।<br>**जैविक विज्ञान**<br>Ecology is the branch of<br>**Biological science** |
| 12. | पारिस्थितिकी शब्द यूनानी शब्द ओइकोस और ________ से बना है ।<br>**लोगोस**<br>Ecology comes from the Greek words oikos and<br>**Logos** |
| 13. | पृथ्वी की पर्पटी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?<br>**पर्पटी स्थलमंडल की सबसे बाहरी परत है, जिसकी घनता अन्य दो परतों से कम होती है**<br>Which of the following statements is correct regarding the Earth's crust ?<br>**The crust is the outermost layer of the lithosphere which is lighter in density than the other two layers** |
| 14. | अपघटक के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?<br>**वे मृत और सड़ने वाले कार्बनिक पदार्थों पर निर्भर रहते हैं**<br>Which of the following is correct about decomposers ?<br>**They feed on dead and decaying organic matter** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 15. | ________ जीवों की जीवित कोशिकाओं के भीतर पदार्थों का चयनात्मक धीरे-धीरे संचय और भंडारण है ।<br>**जैव संचयन**<br>________ is the selective gradual accumulation and storage of substances inside the living cells of organisms.<br>**Bioaccumulation** |
| 16. | ________ वह प्रक्रिया है जिसमें तालाब और झील जैसे जलाशय मानव के विभिन्न गतिविधियों के कारण पोषक तत्वों से समृद्ध हो जाते हैं ।<br>**सुपोषण**<br>__________ is phenomenon in which the water bodies like ponds and lakes becomes enriched with nutrients due to different human activities.<br>**Eutrophication** |
| 17. | निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द उस तरल अपशिष्ट या मलजल के लिए प्रयोग होता है जो किसी स्रोत से निकलकर जलाशयों को प्रदूषित करता है ?<br>**बहि:स्राव**<br>Which of the following refers to liquid waste or sewage emitted from a source into water bodies, thus polluting it ?<br>**Effluents** |
| 18. | पृथ्वी के औसत वैश्विक तापमान में मुख्यत: मानव गतिविधियों के कारण होने वाली वृद्धि को क्या कहते हैं ?<br>**वैश्विक तापन**<br>Which of the following refers to the rise in the average global temperature of the Earth mainly due to human activities ?<br>**Global warming** |
| 19. | चट्टानों के छोटे-छोटे कणों में टूटने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं ?<br>**अपक्षय**<br>Which of the following refers to the breaking down of rocks into small particles ?<br>**Weathering** |
| 20. | ओज़ोन परत की सुरक्षा हेतु ओज़ोन-क्षयकारी पदार्थों को समाप्त करने के लिए 1987 में अपनाई गई अंतरराष्ट्रीय संधि कौन-सी है ?<br>**मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल**<br>Which of the following is an international treaty adopted in 1987 to protect the ozone layer by phasing out ozone-depleting substances ?<br>**Montreal Protocol** |
| 21. | निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द मनुष्यों द्वारा प्रदूषण और मानवीय गतिविधियों के कारण प्रजातियों के नुकसान तथा पारिस्थितिकी तंत्र के विनाश से पर्यावरण की रक्षा करने की प्रक्रिया को दर्शाता है ?<br>**पर्यावरण संरक्षण**<br>Which of the following refers to the practice of humans saving the environment from the loss of species and the destruction of the ecosystem due to pollution and human activities ?<br>**Environmental conservation** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 22. | कल्पवृक्ष एक भारतीय गैर-सरकारी संगठन है जिसकी स्थापना वर्ष ______ में हुई थी और यह पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय है ।<br>**1979**<br>Kalpavriksh is an Indian Non-Governmental Organization (NGO) established in the year ______ actively working in the field of environmental awareness.<br>**1979** |
| 23. | राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण का मुख्यालय ________ में स्थित है ।<br>**चेन्नई**<br>National Biodiversity Authority has its headquarters situated in<br>**Chennai** |
| 24. | भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की स्थापना किस अधिनियम के अंतर्गत की गई थी ?<br>**पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960**<br>Animal Welfare Board of India was established under which Act ?<br>**Prevention of Cruelty to Animals Act, 1960** |
| 25. | निम्नलिखित में से कौन–सा विकास वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करता है बिना भविष्य की पीढ़ियों की अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए ?<br>**सतत विकास**<br>Which of the following is development that meets the needs of the present without compromising the ability of future generations to meet their own needs ?<br>**Sustainable development** |
| 26. | 1972 के स्टॉकहोम सम्मेलन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है ?<br>**यह मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन था जिसमें 113 देशों ने पर्यावरण पर मानव प्रभाव के प्रति चिंता व्यक्त की**<br>Which of the following statements is correct regarding the Stockholm Conference of 1972 ?<br>**It was the United Nations Conference on the Human Environment where 113 nations expressed concern about human impact on the environment** |
| 27. | विस्तारित यूरोपीय संघ के लिए सतत विकास रणनीति ________ में अपनाई गई थी ।<br>**2006**<br>Sustainable Development Strategy was adopted in ________ for the enlarged European Union.<br>**2006** |
| 28. | राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन केंद्र (NCDM) की स्थापना _______ में की गई थी ।<br>**1995**<br>The National Centre for Disaster Management (NCDM) was formed in<br>**1995** |
| 29. | सतत विकास हेतु एजेंडा 2030 का लक्ष्य 1 क्या है ?<br>**हर जगह सभी रूपों में गरीबी का अंत करना**<br>Goal 1 of Agenda 2030 for Sustainable Development is<br>**End poverty in all its forms everywhere** |

Answer Key



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 30. | रेड लिस्ट इंडेक्स (RLI) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है ?<br>**यह विश्वभर में प्रजातियों के समग्र विलुप्ति जोखिम को मापता है**<br>Which of the following statements is correct regarding the Red List Index (RLI) ?<br>**It measures aggregate extinction risk of species across the globe** |
| 31. | राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना _______ को की गई थी ।<br>**18 अक्टूबर 2010**<br>The National Green Tribunal has been established on<br>**October 18, 2010** |
| 32. | राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 भारत के संविधान के _____ प्रावधान के अंतर्गत अधिनियमित किया गया था ।<br>**अनुच्छेद 21**<br>The National Green Tribunal Act, 2010 was enacted under India's Constitutional provision of<br>**Article 21** |
| 33. | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आस–पास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग विधेयक, 2021 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है ?<br>**इसे 30 जुलाई 2021 को लोकसभा में प्रस्तुत किया गया था**<br>Which of the following statements is correct regarding the Commission for Air Quality Management in National Capital Region and Adjoining Areas Bill, 2021 ?<br>**It was introduced in Lok Sabha on July 30, 2021** |
| 34. | राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (NAAQS) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है ?<br>**राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (NAAQS) वायु गुणवत्ता के मानक हैं जिन्हें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा निर्धारित किया जाता है और जो पूरे देश में लागू होते हैं**<br>Which of the following statements is correct regarding National Ambient Air Quality Standards (NAAQS) ?<br>**National Ambient Air Quality Standards (NAAQS) are standards for air quality set by the Central Pollution Control Board (CPCB) that are applicable all over the country** |
| 35. | 'नमामि गंगे कार्यक्रम' _____ है ।<br>**एक एकीकृत संरक्षण मिशन**<br>'Namami Gange Programme' is<br>**An Integrated Conservation Mission** |
| 36. | 2004 की हिंद महासागर सुनामी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है ?<br>**यह 26 दिसंबर 2004 को हुई थी और तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश तथा भारत के अन्य तटीय क्षेत्रों को प्रभावित किया था**<br>Which of the following statements is correct regarding the Indian Ocean Tsunami, 2004 ?<br>**It occurred on 26th December 2004 and affected the coasts of Tamil Nadu, Andhra Pradesh and other parts of India** |




परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 37. | राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) _____ के अंतर्गत कार्य करता है ।<br>**गृह मंत्रालय**<br>The National Disaster Response Force (NDRF)<br>**Operates under Ministry of Home Affairs** |
| 38. | राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) की स्थापना _______ में की गई थी ।<br>**2006**<br>The National Disaster Response Force (NDRF) was established in<br>**2006** |
| 39. | राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?<br>**राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) का गठन आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 48(1)(a) के अंतर्गत किया गया है**<br>Which of the following statements is correct regarding the State Disaster Response Fund (SDRF) ?<br>**The State Disaster Response Fund (SDRF) is constituted under Section 48(1)(a) of the Disaster Management Act, 2005** |
| 40. | राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम न्यूनीकरण परियोजना (NCRMP) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?<br>**यह भारत में एक केंद्रीय प्रायोजित योजना तथा विश्व बैंक सहायता प्राप्त कार्यक्रम है ।**<br>Which of the following statements is correct regarding the National Cyclone Risk Mitigation Project (NCRMP) ?<br>**It is a centrally sponsored scheme and a World Bank assisted programme in India.** |
| 41. | **उष्णकटिबंधीय घासभूमियाँ (सवाना) क्या हैं ?**<br>**उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाई जाने वाली घासभूमियाँ जहाँ गर्म जलवायु तथा स्पष्ट आर्द्र और शुष्क ऋतुएँ होती हैं**<br>**What are Tropical Grasslands (Savannas) ?**<br>**Grasslands found in tropical regions with a warm climate and distinct wet and dry Seasons** |
| 42. | निम्नलिखित में से कौन-सा शीत मरुस्थल का उदाहरण है ?<br>**गोबी मरुस्थल**<br>Which of the following is an example of a Cold Desert ?<br>**Gobi Desert** |
| 43. | खाद्य शृंखला यह दर्शाती है कि किसी पारितंत्र में ऊर्जा और पोषक तत्व एक _______ से दूसरे तक कैसे स्थानांतरित होते हैं ।<br>**पोषण स्तर**<br>A food chain shows how energy and nutrients are transferred within an ecosystem from one _______ to the next.<br>**Trophic level** |
| 44. | इन सीटू संरक्षण क्या है ?<br>**प्रजातियों को उनके प्राकृतिक पारितंत्र में संरक्षित रखने की प्रक्रिया**<br>What is In Situ Conservation ?<br>**The practice of keeping species in the ecosystems they belong to** |




परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 45. | स्थानिकता क्या है ?<br>**किसी प्रजाति की किसी निश्चित भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित होने की पारिस्थितिक अवस्था**<br>What is Endemism ?<br>**The ecological state of a species being unique to a defined geographic location** |
| 46. | पुनर्चक्रण क्या है ?<br>**संसाधनों की खपत और प्रदूषण कम करने हेतु अपशिष्ट पदार्थों को नए उत्पादों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया**<br>What is Recycling ?<br>**The process of converting waste materials into new products to reduce resource consumption and pollution** |
| 47. | अम्ल वर्षा से क्या अभिप्राय है ?<br>**ऐसा वर्षण जिसमें सल्फ्यूरिक और नाइट्रिक अम्ल की उच्च मात्रा होती है**<br>What does Acid Rain refer to ?<br>**Precipitation that contains high levels of sulfuric and nitric acids** |
| 48. | चेर्नोबिल आपदा किस देश में हुई परमाणु ऊर्जा संयंत्र दुर्घटना थी ?<br>**यूक्रेन**<br>The Chernobyl Disaster was a nuclear power plant disaster that occurred in which country ?<br>**Ukraine** |
| 49. | हरित प्रौद्योगिकियाँ क्या है ?<br>**ऐसी प्रौद्योगिकियाँ जिनका पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव हो और जो पर्यावरण संरक्षण में सहायता करें**<br>What are Green Technologies ?<br>**Technologies that seek to have the least effect on the environment and help conserve the environment** |
| 50. | पृथ्वी के वायुमंडल की सबसे निचली पहली परत या मंडल, जो पृथ्वी के बहुत निकट होती है, उसे _____ कहते हैं<br>**क्षोभमंडल**<br>The lowermost first layer or zone of earth's atmosphere lying in very close contact with the earth is called<br>**Troposphere** |
| 51. | इस प्रश्न में तीन शब्द दिए गए हैं जो किसी प्रकार से जुड़े हुए हैं । इन शब्दों के बीच संबंध को चार दिए गए आरेखों A), B), C) और D) में से किसी एक द्वारा सबसे अच्छी तरह दर्शाया जा सकता है । उसी के अनुसार उत्तर दें ।<br>संगीतकार, गायक, महिलाएँ<br><br>In this question, three words are related in some way. The relationship among the words in the question can best be represented by one of the four diagrams A), B), C) and D) given below. Mark your answer accordingly.<br>Musicians, singers, women<br> |




परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

52. नीचे पासे (dice) के चार रूप दिए गए हैं । इस पासे में अक्षर D के विपरीत सतह पर कौन-सा अक्षर होगा ?




**A**

Four forms of a dice are shown below. In this dice which letter will be on the surface opposite to the letter D ?




**A**

53. रामू 2 किमी उत्तर दिशा में चलता है, फिर दाएँ मुड़कर 4 किमी चलता है । फिर वह फिर से दाएँ मुड़कर 4 किमी चलता है और फिर से दाएँ मुड़कर 4 किमी चलता है । रामू प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी पर है ?


**2 किमी**

Ramu walks 2 km towards North and turn to his right and walks 4 km more. Then he turns to his right and walks 4 km and turns again to his right and walks another 4 km. How far away is Ramu from the starting point ?

**2 km**

**निर्देश (प्र.सं. 54 और 55) :** नीचे दिया गया ग्राफ 5 कंपनियों A, B, C, D और E द्वारा कपास (cotton) की माँग (demand) और उत्पादन (production) को दर्शाता है । ग्राफ का अध्ययन करें और प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Directions (Q. No. 54 and 55) :** The following graph shows the demand and production of cotton by 5 companies A, B, C, D and E. Study the graph and answer questions.




54. कंपनी D का उत्पादन, कंपनी A के उत्पादन का कितने गुना है ?

**1.8**

The production of company D is how many times that of the production of the company A ?

**1.8**



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

55. कंपनी B की माँग, कंपनी C की माँग का कितना प्रतिशत है ?


**25%**

The demand for company B is what percent of the demand for company C ?

**25%**

**निर्देश (प्र.सं. 56 और 57) :** नीचे दिया गया पाई आरेख एक पत्रिका (magazine) के प्रकाशक द्वारा एक पुस्तक को तैयार करने में किए गए खर्च को दर्शाता है । पाई आरेख का अध्ययन करें और प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Directions (Q. No. 56 and 57) :** The following pie-chart shows the expenditure incurred in bringing a book, by a magazine producer. Study the pie-chart and answer questions.




56. कागज़ की लागत (cost of paper) के लिए सेक्टर का केंद्रीय कोण (central angle) कितना होना चाहिए ?

**57.6°**

What should be the central angle of the sector for the cost of the paper ?

**57.6°**

57. यदि विविध (miscellaneous) शुल्क ₹ 6,000 है, तो कागज़ की लागत कितनी होगी ?

**₹ 24,000**

If the miscellaneous charges are ₹ 6,000, the cost of paper is


**₹ 24,000**




परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

**निर्देश (प्र.सं. 58 और 59) :** नीचे दिया गया पाई आरेख का अध्ययन करें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :
नीचे दिया गया पाई आरेख पूरे भारत में 60000 लोगों द्वारा किए गए सर्वे में संगीत वाद्ययंत्रों की पसंद को दर्शाता है ।

**Directions (Q. No. 58 and 59) :** Read the following pie-chart and answer the questions that follows :
The following pie-chart shows the preference of musical instruments of 60000 people surveyed over whole India.




58. सारोद वाद्ययंत्र पसंद करने वाले लोगों की संख्या कितनी है ?

**8400**

The number of people who prefer the musical instrument Sarod is

**8400**

59. गिटार पसंद करने वाले लोगों की संख्या, बांसुरी या पियानो पसंद करने वाले लोगों की कुल संख्या से कितनी अधिक है ?

**1200**


The number of people who prefer Guitar is greater than the total number of people who prefer either Flute or Piano by

**1200**

Answer Key



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | निर्देश (प्र.सं. 60-62) : नीचे दिया गया स्तंभ आरेख (बार आरेख) एक कॉलेज के छात्रों द्वारा विभिन्न कंपनियों के स्मार्टफोन उपयोग को दर्शाता है । स्तंभ आरेख का अध्ययन करें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें ।<br>**Directions (Q. No. 60-62) :** The following bar chart represents the number of students of a college using different companies' smartphones. Study the bar chart and answer the questions that follows.<br> |
| 60. | सैमसंग के स्मार्टफोन उपयोग करने वाले लड़कों का प्रतिशत कितना है ?<br>**18.52%**<br>What percentage of boys are using the smartphones of Samsung ?<br>**18.52%** |
| 61. | नोकिया के स्मार्टफोन उपयोग करने वाली लड़कियों का प्रतिशत कितना है ?<br>**31.58%**<br>What percentage of girls are using the smartphones of Nokia ?<br>**31.58%** |
| 62. | सैमसंग के स्मार्टफोन उपयोग करने वाले कुल छात्रों और सोनी के स्मार्टफोन उपयोग करने वाले कुल छात्रों के बीच अंतर कितना है ?<br>**60**<br>The difference between the total number of students using smartphones of Samsung combined together and the total number of students using smartphones of Sony taken together is<br>**60** |




परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

निर्देश (प्र.सं. 63-65) : नीचे दिया गया रेखा आरेख का अध्ययन करें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Directions (Q. No. 63-65) :** Refer the line chart given below and answer the questions that follows.

'पीक्यूआर' ब्रांड की घड़ियों की बिक्री को शहर X और Y में छह अलग-अलग महीनों में दर्शाता है

Number of watches of 'PQR' brand sold in Town X and Y in 6 different months




| | जनवरी **January** | फरवरी **February** | मार्च **March** | अप्रैल **April** | मई **May** | जून **June** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **शहर Town X** | 120 | 140 | 180 | 150 | 180 | 240 |
| **शहर Town Y** | 220 | 120 | 150 | 210 | 230 | 180 |

63. अप्रैल में शहर Y में बेची गई घड़ियों की संख्या, उसी महीने में शहर X में बेची गई घड़ियों की संख्या से कितने प्रतिशत अधिक है ?

**40%**

The number of watches sold in Town Y in April is what percent more than the number of watches sold in Town X in the same month ?

**40%**

64. जून में दोनों शहरों में मिलाकर बेची गई कुल घड़ियों और मार्च में दोनों शहरों में मिलाकर बेची गई कुल घड़ियों के बीच का अंतर कितना है ?

**90**

What is the difference between the total number of watches sold in both the towns together in June and the total number of watches sold in both the towns together in March ?

**90**




परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 65. | फरवरी से मई तक शहर Y में बेची गई घड़ियों की संख्या में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है ?<br>**$91\frac{2}{3}$ %**<br>The number of watches sold in Town Y increased by what percent from February to May ?<br>**$91\frac{2}{3}$ %** |
| 66. | कंप्यूटर शब्दावली में डेटा की सबसे छोटी इकाई क्या कहलाती है ?<br>**बिट**<br>In computer terminology the smallest unit of data is<br>**Bit** |
| 67. | निम्न में से कौन-सा द्वितीयक भंडारण उपकरण है ?<br>**हार्ड डिस्क ड्राइव (एच.डी.डी.)**<br>Which of the following is a secondary storage device ?<br>**Hard Disk Drive (HDD)** |
| 68. | आईपीवी6 पते कितने बिट के होते हैं ?<br>**128**<br>IPv6 addresses are how many bits ?<br>**128** |
| 69. | फायरवॉल का उपयोग किस लिए किया जाता है ?<br>**अनधिकृत नेटवर्क पहुँच को रोकने के लिए**<br>A firewall is used to<br>**Block unauthorised network access** |
| 70. | हडूप एक ओपन सोर्स फ्रेमवर्क है, किससे संबंधित है ?<br>**विशाल डेटा संसाधन**<br>Hadoop is a open-source framework associated with<br>**Big data processing** |
| 71. | ई-मेल में 'बीसीसी' का क्या अर्थ है ?<br>**ब्लाइंड कार्बन कॉपी**<br>The 'BCC' field in an e-mail stands for<br>**Blind Carbon Copy** |
| 72. | निम्न में से कौन-सा आउटपुट उपकरण है ?<br>**मॉनिटर**<br>Which of the following is an output device ?<br>**Monitor** |

Answer Key



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 73. | कंप्यूटर शब्दावली में रोम का पूर्ण रूप क्या है ?<br>**रीड ओनली मेमोरी**<br>In computer terminology ROM stands for<br>**Read Only Memory** |
| 74. | कौन-सा प्रिंटर तरल स्याही कार्ट्रिज (लिक्विड इंक कार्ट्रिज) का उपयोग करता है ?<br>**इंकजेट**<br>Which type of printer uses a cartridge with liquid ink ?<br>**Inkjet** |
| 75. | स्पायवेयर किस प्रकार का होता है ?<br>**मैलवेयर**<br>Spyware is a type of<br>**Malware** |
| 76. | एमएस-एक्सेल में सबसे बड़ा मान प्राप्त करने के लिए कौन-सा फलन उपयोग होता है ?<br>**MAX**<br>In MS-Excel, which function returns the largest value ?<br>**MAX** |
| 77. | आईटी/नेटवर्किंग में NFC का पूर्ण रूप क्या है ?<br>**नियर फील्ड कम्युनिकेशन**<br>In IT/Networking NFC stands for<br>**Near Field Communication** |
| 78. | निम्न में से कौन-सा वेब ब्राउज़र है ?<br>**गूगल क्रोम**<br>Which of the following is a web browser ?<br>**Google Chrome** |
| 79. | डीप लर्निंग विशेष रूप से किसके लिए प्रभावी है ?<br>**चित्र और वाणी पहचान**<br>Deep Learning is particularly effective for<br>**Image and speech recognition** |
| 80. | किसी दस्तावेज़ की पूरी सामग्री को चुनने का शॉर्टकट की क्या है ?<br>**Ctrl+A**<br>The shortcut key to select all content in a document is<br>**Ctrl+A** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 81. | 1757 ईस्वी तक उत्तर प्रदेश कितने स्वतंत्र राज्यों में विभाजित हो चुका था ?<br>**पाँच**<br>By 1757 AD, Uttar Pradesh had been divided into how many independent states ?<br>**Five** |
| 82. | 1803 में उत्तर प्रदेश में मराठों को हराने के बाद अलीगढ़, मेरठ, आगरा, झाँसी, बाँदा, हमीरपुर, जालौन और आसपास के क्षेत्रों पर किसने नियंत्रण स्थापित किया ?<br>**अंग्रेजों**<br>Who took control of Aligarh, Meerut, Agra, Jhansi, Banda, Hamirpur, Jalaun and nearby regions in 1803 after defeating the Marathas in Uttar Pradesh ?<br>**British** |
| 83. | 3 अप्रैल 1858 को अंग्रेजी सेना ने किसके नेतृत्व में झाँसी पर कब्जा किया ?<br>**ह्यू रोज़**<br>Under whose command did the British forces capture Jhansi on 3 April 1858 ?<br>**Hugh Rose** |
| 84. | 2024-25 में उत्तर प्रदेश के सकल राज्य मूल्य वर्धन में सेवा क्षेत्र का योगदान कितना प्रतिशत था ?<br>**47.26%**<br>In 2024-25, the services (tertiary) sector contributed what percentage of the state's Gross State Value Added (GSVA) of Uttar Pradesh ?<br>**47.26%** |
| 85. | उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का राज्य बजट कब प्रस्तुत किया ?<br>**20 फ़रवरी 2025**<br>The Finance Minister of Uttar Pradesh presented the Budget for the state for the financial year 2025-26 on<br>**February 20, 2025** |
| 86. | उत्तर प्रदेश में 2025-26 के लिए ऋण पुनर्भुगतान को छोड़कर व्यय कितना अनुमानित है ?<br>**₹ 7,57,333 करोड़**<br>Expenditure (excluding debt repayment) in Uttar Pradesh for 2025-26 is estimated to be<br>**₹ 7,57,333 crore** |
| 87. | 2025–26 में उत्तर प्रदेश का राजस्व अधिशेष कितना अनुमानित है ?<br>**सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 2.6%**<br>Revenue surplus in Uttar Pradesh in 2025–26 is estimated to be<br>**2.6% of Gross State Domestic Product (GSDP)** |
| 88. | उत्तर प्रदेश में जरदोज़ी कढ़ाई के संबंध में कौन–सा कथन सही वर्णन करता है ?<br>**कढ़ाई तीन आयामों में की जाती है**<br>Which of the following statements correctly describes Zardozi embroidery in Uttar Pradesh ?<br>**The embroidery is done in three dimensions** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 89. | उत्तर प्रदेश में वाराणसी के प्रसिद्ध ब्रोकेड सूती कपड़े या महीन रेशम पर किसका उपयोग करके बनाए जाते हैं ?<br>**सोने और चाँदी जैसे बहुमूल्य धातु धागे**<br>In Uttar Pradesh, the rich Varanasi brocades are created on cotton fabric or fine silk using<br>**Precious metal threads like gold and silver** |
| 90. | उत्तर प्रदेश पर्यटन परिपथ के अंतर्गत बुंदेलखंड परिपथ में निम्नलिखित में से कौन कौन-से स्थान शामिल हैं ?<br>**बिठूर, चित्रकूट, झाँसी, कालिंजर, महोबा**<br>Which of the following places are included in the Bundelkhand circuit under Uttar Pradesh tourism circuits ?<br>**Bithoor, Chitrakoot, Jhansi, Kalinjar, Mahoba** |
| 91. | उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही मिलान है ?<br>**कुंभ मेला – प्रयागराज**<br>In Uttar Pradesh, which of the following pairs is correctly matched ?<br>**Kumbh Mela – Prayagraj** |
| 92. | उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 की मंजूरी की संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?<br>**13 अक्टूबर 2022 को उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण और गतिशीलता नीति-2022 को मंजूरी दी गई।**<br>Which of the following statements is correct regarding the approval of Uttar Pradesh Electric Vehicle Manufacturing and Mobility Policy-2022 ?<br>**On October 13, 2022, the Uttar Pradesh Electric Vehicle Manufacturing and Mobility Policy-2022 was approved.** |
| 93. | उत्तर प्रदेश का कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य किस क्षेत्र में स्थित है ?<br>**बहराइच जिले के तराई क्षेत्र में स्थित ऊपरी गंगा मैदान में**<br>The Katarniya Ghat Wildlife Sanctuary in Uttar Pradesh is situated in which region ?<br>**The Upper Gangetic plain falling in the Terai of Bahraich district** |
| 94. | उत्तर प्रदेश का चंद्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य किस जिले में स्थित है ?<br>**चंदौली**<br>Which district of Uttar Pradesh is the Chandra Prabha Wildlife Sanctuary located in ?<br>**Chandauli** |
| 95. | उत्तर प्रदेश में सुहेलवा को किस वर्ष वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था ?<br>**1988**<br>In which year was Suhelwa declared a Wildlife Sanctuary in Uttar Pradesh ?<br>**1988** |
| 96. | उत्तर प्रदेश में सोहागीबरवा वन्यजीव अभयारण्य का गठन 1987 में ________ से अलग करके बनाया गया था।<br>**पुराने गोरखपुर वन प्रभाग**<br>In Uttar Pradesh, Sohagibarwa Wildlife Sanctuary, carved out of the ________ in 1987.<br>**Old Gorakhpur Forest Division** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 97. | उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में सौर ऊर्जा पार्क विकसित करने का मुख्य उद्देश्य क्या है ?<br>**उत्तर प्रदेश को हरित ऊर्जा केंद्र बनाना**<br>What is the main objective of developing solar parks in Bundelkhand, Uttar Pradesh ?<br>**To make Uttar Pradesh a green energy hub** |
| 98. | उत्तर प्रदेश का कौन-सा जिला कोयला और चूना पत्थर के प्रमुख खनन केंद्र के रूप में जाना जाता है ?<br>**सोनभद्र**<br>In Uttar Pradesh, which district is known as the primary mining hub for coal and limestone ?<br>**Sonbhadra** |
| 99. | उत्तर प्रदेश में पारिस्थितिकी पर्यटन की योजना, निर्माण और क्रियान्वयन के लिए किस संस्था को नोडल इकाई नियुक्त किया गया है ?<br>**उत्तर प्रदेश वन निगम**<br>In Uttar Pradesh, which institution is assigned as the Nodal Unit for planning, formulation and implementation of ecotourism ?<br>**Uttar Pradesh Forest Corporation** |
| 100. | अकबरपुर उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित एक नगर और नगरपालिका बोर्ड है ?<br>**अंबेडकर नगर**<br>Akbarpur is a city and a municipal board located in which district of Uttar Pradesh ?<br>**Ambedkar Nagar** |

परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

Answer Key